# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के साथ किया संवाद

**लखनऊ।** सचिव औद्योगिक विकास एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने उद्योग जगत को निवेश करने में सुविधा और शिकायत निवारण में पूर्ण सरकारी सहायता का आश्वासन दिया है। वह एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी एसोचैम यूपी के अधिकारियों और यूपी में व्यापारिक समुदाय की आकांक्षाओं को समझने के लिए राज्य का दौरा कर रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सीईओए इन्वेस्ट यूपी ने आईएफएस अधिकारियों से राज्य में व्यापार करने में आसानी में सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास में हुए परिवर्तन को विदेशों में प्रचारित करने का आग्रह किया।

उन्होंने विदेशों में भारतीय दूतावास की वेबसाइटों पर हाई नेटवर्क व्यक्तियों और उत्तर प्रदेश के निर्यातकों को प्रदर्शित करने एवं एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग में सहयोग के लिए कहा। आरके शरण सीईओ एसोचैम यूपी ने बताया कि इस संवाद सत्र का उद्देश्य राज्य के वर्तमान औद्योगिक वातावरण और निकट भविष्य में व्यापारिक समुदाय की अपेक्षाओं से अवगत कराना था। तारिक हसन नकवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसोचौमप ने बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों और अगले पांच वर्षों में राज्य में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था विकसित करने के लक्ष्य पर भी प्रकाश डाला। पस्थित आईएफएस अधिकारियो ने उत्तर प्रदेश के व्यापारिक व औद्योगिक प्रगति की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में उद्यमों के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया। ट्रांसफार्मर निर्माता रजनीश चोपड़ा ने अन्य देशों की तकनीकी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए संगोष्ठी की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा भारत में